RNI No. CHHHIN/2009/35020



नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -14 ◆ अंकः 217 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 2 ₹ ◆ पृष्ठ : 4

पेज -3 पर आर्थिक अनियमितता मामला दर्ज न कराने पर आईएएस के खिलाफ

धरमजयगढ़, गुरुवार 16 जून 2022

हर तरफ बिखरी खुशी राहुल को मिली नई जिंदगी पेज -4 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## एक नजर

### मां की नजरें बेटे से हट नहीं रहीं..बोलीं....



राहुल को खुद भगवान ने बचाया जो दिन-रात ,भूखे-प्यासे, बिना सोये रेस्कयू में लगे थे

**रायपुर।** अस्पताल के आईसीयू में राहुल की माँ गीता साहू । माँ बार-बार बेटे का माथा चूम रही है..मेरा लाल..मेरा लाल कहकर सर में हाथ फेर रही है , दुलार रही है । एक -एक जख्मों को देख रही है मानो आज ही वो सारे जख्मों को भर देना चाहती हो ।

राहुल सुन नहीं सकता, पर माँ के हाथों में वो जादू है जिससे सिर्फ महसूस भर किया जा सकता है, सुनने की जरूरत ही कहाँ है । राहुल बोल भी नहीं सकता, एकटक माँ को ही देख रहा, माँ उसे निहार रही है फिर शब्दों की किसे जरूरत है । राहुल और उसकी माँ का प्यार देखकर तो लगा जैसे दोनों को पूरी दुनिया मिल गयी हो ।

अस्पताल में राहुल की माँ गीता साहू से जो भी मिलने आ रहा है वो दोनों हाथों को कृतज्ञता से जोड़ ले रहीं हैं । गीता ने पांच दिन से कुछ नहीं खाया है और ना ही सोयी हैं । वे कहती हैं कि भगवान कैसे होते हैं, बीते पांच दिनों में देखा है ।

# रायपुर, बिलासपुर, बस्तर सहित प्रदेश के कई स्थानों पर बरसेंगे बादल

रायपुर। दक्षिण-पश्चिम मानसून अभी छत्तीसगढ़ की सीमाओं से दूर है, लेकिन स्थानीय प्रभावों की वजह से मानसून से पहले की बरसात का क्षेत्र बढ़ता जा रहा है।

बुधवार को प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा की संभावना जताई जा रही है। एक-दो स्थानों पर भारी बरसात की चेतावनी भी है।

रायपुर मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक एक पूरब-पश्चिम द्रोणिका पूर्वी उत्तर प्रदेश से मणिपुर तक स्थित है। एक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश से दक्षिण छत्तीसगढ़ तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इस स्थानीय मौसमी तंत्र के प्रभाव से 15 जून को प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से



प्री-मानसून की बारिश का बढ़ा दायरा

मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना बन रही है। इस दौरान बादलों में गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने तथा अंधड़ चलने की भी संभावना है।

मंगलवार शाम से ही रायपुर के आसमान पर बादलों का डेरा है। मौसम विभाग के उपग्रह चित्रों से पता चला है कि उत्तर से दक्षिण तक पूरे प्रदेश में बादल छाए हुए हैं। बिलासपुर और सरगुजा संभाग के ऊपर बादलों की सघनता अधिक दिख रही है। संभावना है कि इन्हीं बादलों से बुधवार को अनेक स्थानों पर बरसात होगी। रायपुर में भी शाम अथवा रात तक सामान्य बरसात की संभावना बताई जा रही है। बिलासपुर संभाग के कई जिलों और बस्तर संभाग में भी बरसात होगी।

### मंगलवार को भी हुई थी बरसात

मंगलवार को भी प्रदेश के कई जिलों में बरसात हुई है। सबसे अधिक 6 मिलीमीटर बरसात पथरिया में दर्ज हुई। कोण्डागांव में 3 और चांपा सहित कुछ स्थानों पर एक मिलीमीटर अथवा उससे कम बरसात हुई। बस्तर, नारायणपुर, कोण्डागांव, धमतरी, कबीरधाम, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, कोरिया, जशपुर और सरगुजा में भी बरसात दर्ज हुई। दक्षिण-पश्चिम मानसून कल तक आंध्र प्रदेश और तेलंगाना की दक्षिणी सीमाओं पर ही रुका हुआ था। वहीं उसकी पश्चिमी शाखा गुजरात में पहुंच चुकी है। उसके बुधवार को मध्य प्रदेश में पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

## 10 लाख सरकारी नौकरियों का पूरा रोडमैप

# रेलवे, डिफेंस, डाक सहित इन विभागों में होंगी सबसे ज्यादा भर्तियां



**नई दिल्ली।** सरकार द्वारा इस वर्ष मार्च में संसद में उपलब्ध कराए गए आंकड़े के अनुसार देश में केंद्रीय मंत्रालयों व विभागों में अधिकारी और कर्मचारी श्रेणियों में लगभग 9 लाख पद खाली है। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि देश में सर्वाधिक पद पांच विभागों रेलवे, रक्षा (सिविल), डाक, गृह और राजस्व विभाग में रिक्त है। स्वाभाविक रूप से आने वाले समय में सरकार द्वारा सर्वाधिक भर्तियां भी इन्ही विभागों में की जाएंगी।

बता दें कि पीएम नरेंद्र मोदी ने सभी डिपार्टमेंट और मंत्रालय के ह्यूमन रिसोर्स की समीक्षा की है और निर्देश दिया है कि सरकार अगले डेढ़ साल में 10 लाख पदों पर मिशन मोड में लोगों की भर्ती करेगी। इस घोषणा के बाद गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमने वैकेंसी भरने के लिए काम शुरू कर दिया है। धीरे-धीरे कई अन्य मंत्रियों और विभागों ने ट्वीट किए। फिलहाल सरकार की तरफ से कोई डीटेल्ड रोडमैप जारी नहीं किया गया है, लेकिन अलग-अलग विभागों के खाली पदों के एनालिसिस से कई बातें साफ हो जाती हैं।

सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा खाली पद डिफेंस, रेलवे, होम अफेयर्स, डाक और रेवेन्यू डिपार्टमेंट में हैं। यानी अगले डेढ़ सालों में सबसे ज्यादा भर्ती भी इन्हीं विभागों में होगी। अब इन खाली पदों का ग्रुप वाइज बंटवारा भी जान लेते हैं।

बता दें कि अलग-अलग विभागों के खाली पदों में उछाल एक दिन में नहीं आया है। 2014-15 के बाद से सरकारी विभाग में खाली पदों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। इस दौरान सिर्फ 2019-20 में खाली पदों की संख्या में कमी आई।

अगले 18 महीनों में 10 लाख पदों को भरे जाने का मतलब है कि मोदी सरकार के पास 2024 के आगामी लोकसभा चुनाव में बेरोजगारी के मुद्दे पर विपक्ष की हर आलोचना की काट के लिए एक ठोस जवाब रहेगा। लोकसभा का अगला चुनाव वर्ष 2024 के अप्रैल-मई महीने में होने की संभावना है।

# पुलिस महानिदेशक ने की प्रदेश की कानून व्यवस्था एवं अपराध पर नियंत्रण की समीक्षा

रायपुर। जुआ, सट्टा एवं अवैध शराब की बिक्री पर लगाएं अंकुशपुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा ने आज पुलिस मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में प्रदेश की कानून व्यवस्था और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण की स्थिति की समीक्षा की।



चिटफंड कम्पनियों के संचालकों के विरूद्ध कार्रवाई और निवेशकों के धन वापसी के प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा

बैठक में सभी रेंज पुलिस महानिरीक्षक तथा प्रदेश के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक शामिल हुए।

पुलिस महानिदेशक श्री जुनेजा ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप और शासन की प्राथमिकता सूची में सम्मिलित चिटफंड कंपनियों के संचालकों के विरूद्ध की गई कार्यवाही तथा निवेशकों की धन वापसी के लिये किये जा रहे कार्यों की बैठक में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने चिटफंड कम्पनियों के संचालकों के विरूद्ध की जा रही कार्रवाई और निवेशकों की धन राशि वापसी के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान प्रकरणों में तेजी से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। श्री जुनेजा ने नशीले पदार्थो के कारोबार, चोरी, लूटपाट और चाकूबाजी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए इन अपराधों में संलग्न अपराधियों के विरूद्ध कठोरतम कार्रवाई करने के निर्देश दिए। श्री जुनेजा ने जुआ, सट्टा, अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए इन कार्यो में संलग्न लोगों के विरूद्ध लघु अधिनियम के तहत प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक के दौरान पुलिस महानिदेशक श्री जुनेजा ने सभी जिलों में संपत्ति संबंधी अपराध, शारीरिक अपराध, महिलाओं तथा बच्चों के विरूद्ध घटित अपराधों पर नियंत्रण की समीक्षा करते हुए कहा कि अपराधों पर नियंत्रण हेतु अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाए।

# नशा मुक्ति अभियान हेतु नौ करोड़ 97 लाख रूपये की कार्ययोजना के प्रस्ताव का अनुमोदन

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा व्यसन मुक्ति अभियान की समीक्षा के लिए गठित राज्य स्तरीय समिति की बैठक संचालक समाज कल्याण श्री पी. दयानंद की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में सम्पन्न हुई।



शराब व्यसन मुक्ति अभियान की राज्य स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

बैठक में नशा मुक्ति अभियान हेतु (भारत माता वाहिनी योजना) के तहत नौ करोड़ 97 लाख 31 हजार 795 रूपये की कार्ययोजना के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। कार्ययोजना के तहत विभिन्न प्रचार माध्यमों के सहयोग से नशा मुक्ति हेतु व्यापक स्तर पर कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इसके तहत भारत माता वाहिनी के सदस्यों का प्रशिक्षण एवं अन्य प्रचार-प्रसार के कार्यक्रम आयोजित होंगे। बैठक में राज्य के सभी गांवों में भारत माता वाहिनी के द्वारा प्रभावी नशा मुक्ति अभियान चलाने के लिए सदस्यों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिये। प्रदेश में सभी ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाले गांवों में नशा मुक्ति हेतु अभियान चलाने भारत माता वाहिनी के कार्यों के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। समाज कल्याण विभाग के संचालक ने कहा कि शराब व्यसन मुक्ति अभियान को प्रभावी ढंग से चलाने के लिए सभी विभागों के सहयोग की आवश्यकता है। नशा एक सामाजिक बुराई है, इसे सभी के सहयोग और समन्वय से ही दूर किया जा सकता है।

# अभियान चलाकर पुलिस ने 5 बदमाशों पर की कार्रवाई

**रायपुर** । राजधानी पुलिस ने विशेष अभियान चलाते हुए सरेआम शराब का सेवन करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं चाकू लेकर आतंक फैलाते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार आरंग थाना पुलिस ने बीती रात शराब सेवन करते हुए आरोपी जगमोहन बघेल 40 वर्ष और नेवरा पुलिस ने आरोपी सहसराम निषाद 38 वर्ष और खरोरा पुलिस ने आरोपी अजय कुमार टण्डन 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इस तरह कोतवाली पुलिस ने चाकू लेकर आतंक फैलाते हुए आरोपी टीपू साहू 20 वर्ष और गुसेश्वर कुमार 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन सभी आरोपियो को जेल भेज दिया है।

बुजुर्गों को व्यस्त रखने के लिए छोटे समूह बनाए जाएंगे

# मंत्री भेंड़िया ने अधिकारियों को कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश

रायपुर। विश्व बुजुर्ग दुर्व्यहार जागरूकता दिवस के अवसर पर समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में रायपुर सहित देश भर के 22 शहरों में सर्वेक्षण पर आधारित राष्ट्रीय सर्वे रिपोर्ट का विमोचन किया।




समाज कल्याण विभाग मंत्री ने किया 'ब्रिज द गैप-अंडरस्टैंडिंग एल्डर नीड्स ' सर्वे रिपोर्ट का विमोचन

हेल्प एज इंडिया की इस रिपोर्ट 'अपूर्णता का संभरण- बुजुर्गों की आवश्यकताओं को समझना' (ब्रिज द गैप-अंडरस्टैंडिंग एल्डर नीड्स) में बुजुर्गों के आय, रोजगार, स्वास्थ्य, सुरक्षा, उनके सामाजिक व डिजिटल समावेशन और उनसे दुर्व्यव्हार पर अध्ययन किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन समाज कल्याण विभाग और हेल्प एज इण्डिया द्वारा किया गया। श्रीमती भेंड़िया ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति बुजुर्गों के सम्मान की रही है। बुजुर्ग समाज के धरोहर हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल बुजुर्गों की हर संभव सहायता के लिए कृत संकल्पित हैं। समाज कल्याण विभाग बुजुर्गों सहित सभी वर्गों के लोगों के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने कार्यक्रम में आए सुझावों पर तुरंत सहमति देते हुए अधिकारियों को बुजुर्गों को व्यस्त रखने के लिए छोटे-छोटे समूह की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बुजुर्गों के मार्गदर्शन के लिए विशेषज्ञों के अनुभव का लाभ भी लेने के लिए कहा। ऐसे बुजुर्ग जो अकेले हों, या जिनके बच्चे बाहर काम करते हों उनके रहवास के लिए रायपुर में जमीन दिलाने की पहल करने का भी आश्वासन श्रीमती भेंड़िया ने दिया।



## राजनीति.. सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही मोदी सरकार

# सीएम भूपेश बोले- राहुल गांधी पर हाथ डालना पड़ेगा महंगा

रायपुर। नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा राहुल गांधी को तीसरे दिन भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इसके विरोध में कांग्रेस का सोमवार से प्रदर्शन जारी है। छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल दिल्ली में डटे हुए हैं।



जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि मैं अपने घर में इनसे पूछकर जाऊंगा? मैं अपने कार्यालय इनसे पूछकर जाऊँगा? मैं नक्सल प्रदेश से आता हूं, मुझे ॱ+ सुरक्षा है। मुझसे कह दिया जाता है कि सिर्फ एक सुरक्षाकर्मी लेकर जाएंगे। मुझे बीच सड़क पर एक घंटे तक रोक दिया जाता है। आखिर साजिश क्या है? राहुल गांधी पर हाथ डालना इन्हें महंगा पड़ेगा। सीएम भूपेश बघेल ने मोदी सरकार से कहा कि श्वष्ठ ऑफिस में कैमरा लगा दीजिए और सभी मीडिया हाउस को लिंक दे दीजिए। देश को भी तो पता चले कि श्वष्ठ के सवाल क्या हैं और राहुल गांधी क्या जवाब दे रहे हैं। क्या ऐसा कर पाएंगे आप? बघेल ने कहा कि कहां है लोकतंत्र... कहां है प्रजातंत्र?, हम अपनी बात नहीं कह सकते, कहीं आ-जा नहीं सकते... हमें अपने दफ्तर जाने से रोका जा रहा। भाजपा संविधान की धज्जियां उड़ा रही है। ये तो गुंडागर्दी की हद है। भूपेश ने कहा कि सड़क पर एक घंटे भीड़ में रोका गया। मैंने पूछा आपने क्यों रोका है। लिखित आदेश दे दीजिये, लेकिन वे कोई दस्तावेज नहीं दिखा सके। उन्हें मैंने यह भी बताया कि मैं नक्सल प्रभावित क्षेत्र से आता हूं...। मुझे जेड प्लस सुरक्षा है। आप मेरी सुरक्षा से खिलवाड़ न करें।

### विपक्ष की आवाज को दबा चाहती है केंद्र सरकार

सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि केंद्र सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश मोदी सरकार कर रही है। केरल से लेकर कश्मीर तक विपक्षी नेताओं पर केस दर्ज कर परेशान किया जा रहा है। तानाशाही की जा रही है। लोकतंत्र में आवाज को दबाया नहीं जा सकता। देश के भाजपा शासित एक भी राज्य में समर्थक दलों या उनके नेताओं पर केस दर्ज नहीं हुए हैं। प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री के सुरक्षा अधिकारियों के साथ दिल्ली पुलिस के अफसरों की नोकझोंक भी हुई।

# रायपुर में पत्थर से सिर कुचल कर हत्या

सुनसान प्लाट पर मिली युवक की लाश, चेहरा इतना बिगड़ा की शिनाख्त नहीं; टैटू से खुलेगा राज

**रायपुर।** रायपुर के कचना इलाके में एक शख्स की हत्या कर दी गई। यह वारदात बीती रात की बताई जा रही है, सुनसान प्लॉट पर लाकर युवक का सिर पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या की गई है। हमला इतना जबरदस्त था कि युवक का चेहरा बुरी तरह से बिगड़ गया है।





मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोग युवक की शिनाख्त नहीं कर पाए हैं। यह पता नहीं चल सका है कि जो मरा वह कौन था । हालांकि पुलिस को लाश की जांच करने पर पता चला कि युवक के हाथ में एक टैटू है। इस टैटू में नाम लिखा हुआ है अब इस टैटू के जरिए ही पुलिस युवक का पता लगाने में जुटी हुई है। युवक की पहचान होते ही इस कत्ल कर राज भी खुलेगा ।

रायपुर के कचना स्थित वीआईपी स्टेट के प्लॉट पर युवक की लाश मिली। सुबह इस इलाके में टहल रहे कुछ लोगों की नजर जमीन पर गिरे युवक पर पड़ी। पास आकर देखने पर वह मृत मिला। इसके बाद फौरन पुलिस की टीम को खबर दी गई। अब फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम भी मौके पर पहुंची है। खम्हारडीह इलाके की पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

पिछले 5 दिनों में हत्या की यह चौथी वारदात है। इससे पहले रायपुर के संतोषी नगर इलाके में अमान खान, सिविल लाइन इलाके में रामचंदानी नाम के प्रॉपर्टी डीलर की आपसी विवाद में हत्या हुई।

# एक कानूनी मामले के राजनीतिक निहितार्थ, क्या लोकसभा चुनावों तक सुर्खियों में रहेगा मुद्दा

ऐसा लगता है कि नेशनल हेराल्ड–यंग इंडिया से संबंधित कथित मनी लॉन्डरिंग के कानूनी मामले ने राजनीतिक रंग ले लिया है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी के साथ ही मोतीलाल वोरा तथा ऑस्कर फर्नांडीस (दोनों अब दिवंगत) के प्रतिनिधित्व वाली यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड ने एजेएल (एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड) का स्वामित्व हासिल करने के लिए 2012 में कांग्रेस को 50 लाख रुपये का भुगतान किया था। इसे चुनौती देते हुए तब दिल्ली हाईकोर्ट में एक मामला दर्ज किया गया।

इस मामले के याचिकाकर्ता भाजपा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी के मुताबिक, अखिल भारतीय कांग्रेस समिति द्वारा ऋण के रूप में हस्तांतरित 90.21 करोड़ रुपये के अलावा यंग इंडिया के पास अपनी कोई संपत्ति नहीं थी, जिसे कथित तौर पर 50 लाख रुपये के ऋण की बिक्री के रूप में छिपाया गया था। स्वामी यह भी दावा करते हैं कि एजेएल के पास दिल्ली, भोपाल, इंदौर, लखनऊ, पंचकुला और अन्य स्थानों पर 1,600 करोड़ रुपये की संपत्ति है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इसी मामले में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके पुत्र तथा सांसद राहुल गांधी को तलब किया है। ईडी ने पिछले दो दिनों में राहुल से कई घंटों की पूछताछ की है। कांग्रेस की इस आलोचना में दम है कि कैसे प्रवर्तन निदेशालय कथित रूप से राजनीतिक प्रतिशोध के मामलों में शामिल रहा है। इस वर्ष मार्च में कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में एक लिखित प्रश्न में ईडी के प्रदर्शन के बारे में कई तरह के सवाल पूछे थे।

वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने जवाब दिया कि वर्ष 2004–14 के दौरान, 112 तलाशी की गई, नतीजतन 5,346.16 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई और 104 मामले दर्ज किए गए। लेकिन वर्ष 2014–22 के दौरान, 2,974 तलाशी की गई, नतीजतन 95,432.08 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई और 839 मामले दर्ज किए गए। लेकिन ईडी के मामलों में सजा की दर देखें, तो वह और भी चौंकाने वाली है। ईडी की सजा की दर एक प्रतिशत से भी कम है।

वास्तव में, 0.5 प्रतिशत से भी कम। 2,974 छापे में 23! समझ सकते हैं कि कथित गलत कामों के आधार पर 2,974 व्यक्तियों के



**उठते सवाल**

नेहरू के जीवनीकार बेंजामिन जकारिया के अनुसार, नेहरू ने 1936 में एक अखबार चलाने का फैसला किया था, जब वह खुद कांग्रेस की आंतरिक राजनीति से निराश हो रहे थे और उन्हें अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए एक मंच की आवश्यकता थी। जकारिया लिखते हैं, कांग्रेस को नियंत्रित करने वाली प्रतिक्रियावादी प्रवृत्तियों में स्वयं को उलझा पाकर और उसे रोक न पाने की बेबसी में जवाहरलाल ने पत्रकारिता की शरण ली।

सम्मान और व्यक्तिगत प्रतिष्ठा को धूमिल किया गया, जबकि केवल 23 को ही दोषी पाया गया। 2,951 व्यक्तियों और संस्थाओं की गरिमा कौन बहाल करेगा? इस लिहाज से, कांग्रेस के सवाल उठाने और राहुल, सोनिया गांधी के साथ खड़े होने में कुछ भी गलत नहीं है। दूसरी ओर, भाजपा या एनडीए सरकार कांग्रेस पर हमलावर है।

राज्यसभा चुनावों के बाद कांग्रेस का संख्याबल और घट गया है, जिससे कांग्रेस में बेचैनी चरम पर पहुंच गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान अपने पूरे प्रचार अभियान में %भ्रष्ट% लोगों के खिलाफ कार्रवाई का वादा किया था, चाहे कोई कितना ही बड़ा क्यों न हो। यह वादा अब तक पूरा नहीं हुआ है। नेशनल हेराल्ड की कहानी वित्तीय शब्दजाल और जटिलताओं से भरी है, जिसमें मतदाताओं को यह समझाने की क्षमता है कि कोई बड़ा, भयावह घोटाला हुआ है। राजनीतिक रूप से प्रधानमंत्री मोदी अपने विरोधियों से निपटने को लेकर सावधानी बरतते रहे हैं। शायद उन्हें पता है कि कैसे इंदिरा गांधी ने अक्तूबर, 1977 से 1979 के बीच शानदार वापसी की थी, जब उनके राजनीतिक विरोधी मोरारजी देसाई और चरण सिंह उन्हें निपटाने की कोशिश कर रहे थे। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या राहुल अपनी दादी के कौशल को दोहरा सकते हैं। निजी तौर पर ज्यादातर पार्टी नेता मोदी शासन के खिलाफ पलटवार करने की राहुल और कांग्रेस की क्षमता को लेकर आश्वस्त नहीं लगते।

वैसे वर्ष 1938 में जवाहरलाल नेहरू द्वारा स्थापित नेशनल हेराल्ड का गलत कारणों से सुर्खियों में रहने का इतिहास रहा है। अपने पूरे इतिहास में नेशनल हेराल्ड एक वित्तीय आपदा बना रहा। आजादी से पहले तीन साल तक अखबार बंद पड़ा था। बहाना ब्रिटिश सेंसरशिप था, लेकिन वास्तविक कारण धन की कमी का बताया जाता है।

नेहरू के जीवनीकार बेंजामिन जकारिया के अनुसार, नेहरू ने 1936 में एक अखबार चलाने का फैसला किया था, जब वह खुद कांग्रेस की आंतरिक राजनीति से निराश हो रहे थे और उन्हें अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए एक मंच की आवश्यकता थी। जकारिया लिखते हैं, कांग्रेस को नियंत्रित करने वाली प्रतिक्रियावादी प्रवृत्तियों में स्वयं को उलझा पाकर और उसे रोक न पाने की बेबसी में जवाहरलाल ने पत्रकारिता की शरण ली। वर्ष 1936 में उन्होंने अपना खुद का अखबार शुरू करने का विचार किया और 9 सितंबर, 1938 को लखनऊ से नेशनल हेराल्ड का प्रथम अंक प्रकाशित हुआ।

रशीद किदवई

## संपादकीय

### कांग्रेस को विपक्षी पार्टियों से निपटना है

राष्ट्रपति के चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार से लड़ने से पहले कांग्रेस को विपक्षी पाटियों से निपटना है। क्योंकि विपक्षी पार्टियां गैर भाजपा और गैर कांग्रेस मोर्चा बना कर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही हैं। अगर तीसरा या संघीय मोर्चा नहीं भी बनता है तब भी विपक्षी पार्टियां इस प्रयास में लगी हैं कि वे एक साझा उम्मीदवार उतारें और कांग्रेस को मजबूर करें कि वह उसका समर्थन करे। दूसरी ओर कांग्रेस किसी हाल में अपनी पार्टी के अलावा दूसरी पार्टी के नेता को समर्थन देने के लिए तैयार नहीं है। कांग्रेस चाहती है कि वह उम्मीदवार दे और बाकी पार्टियां उसका समर्थन करें, जैसा पहले होता रहा है। तभी मल्लिकार्जुन खड़गे को कांग्रेस ने इस अभियान में लगाया है। दूसरी ओर ममता बनर्जी, चंद्रशेखर राव और आम आदमी पार्टी के नेता अलग प्रयास में लगे हैं। कुछ दिन पहले तक समाजवादी पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी इस मामले में पहल कर रहे थे। लेकिन उनके राज्य में दो लोकसभा सीटों– आजमगढ़ और रामपुर के उपचुनाव आ जाने से वे उलझ गए हैं। दोनों सीटें उनके लिए प्रतिष्ठा की हैं क्योंकि दोनों उनकी पार्टी की सीट रही है और एक सीट तो उनके इस्तीफे से ही खाली हुई है। बहरहाल, ममता बनर्जी ने बुधवार को विपक्षी पार्टियों की बैठक बुलाई है। इस बीच आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह मुंबई जाकर शरद पवार से मिले हैं। के चंद्रशेखर राव पहले ही स्टालिन, हेमंत सोरेन, ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल आदि से मिल चुके हैं। सो, कांग्रेस को अभी असली लड़ाई से पहले उम्मीदवार तय कराने की लड़ाई लड़नी है। इसी बीचच सोनिया गांधी की सेहत बिगड़ गई है।

# शहर के विस्तार में लुप्त होती नदियां, जल धाराओं के प्रति समाज की बेपरवाही की बानगी

*जिस राज्य में बड़ी आबादी के जीवकोपार्जन का जरिया खेती या जंगल हो, वहां नदियों का लुप्त होना असल में मानव–सभ्यता की अविरल धारा में व्यवधान की तरह है। जल धाराओं के प्रति समाज की बेपरवाही की बानगी है, झारखंड की राजधानी रांची की कभी जीवन–रेखा कही जाने वाली हरमू नदी। यह सुवर्णरेखा नदी की बहुत छोटी सहायक नदी है। जलवायु परिवर्तन की मार से झारखंड भी अछूता नहीं है और यहां अनियमित और कम बरसात दर्ज की जा रही है।*

इसका सीधा असर हरमू के अस्तित्व पर पड़ा। अब महज चार महीने इसमें जल रहता है, शेष दिनों में नगर का गंदा निस्तार ही इसमें तैरता है। जाहिर है, कुछ दशकों में इसे एक नाला घोषित कर दिया जाएगा। अगर हरमू नदी के उद्गम स्थान को देखा जाए, तो वहां पत्थरों का भी कटाव हो गया है। इसके चलते इस नदी पर खतरा मंडरा रहा है। राज्य विभाजन से पहले झारखंड में छोटी–बड़ी करीब 141 सदानीरा नदियां थीं।

अब इनमें से कई तो गुम गईं और अधिकांश गर्मी शुरू होते ही लुप्त हो जाती हैं और इसकी सबसे बड़ी वजह है, नदियों के किनारे बेतरतीब ढंग से अवैध बसावट। हरमू जैसी शहरी नदी के बहाव क्षेत्र को भरकर अतिक्रमण कर लिया गया है। वर्ष 1928 और 1932 के नक्शे को अगर देखा जाए, तो रांची में छोटी–छोटी नदियों का जाल था, जो अब कंकरीट में समाया दिखता है। इस



**प्रकृति**

*रांची नगर–निगम की ओर से हरमू नदी के सौंदर्यीकरण के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं। कई स्थानों पर चेकडैम भी बनाये जा रहे हैं, ताकि नदी के अस्तित्व को बचाया जा सके, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद हरमू नदी को पुनर्जीवित करने का प्रयास सफल होता नहीं दिख रहा है।*

बात के पुख्ता प्रमाण हैं कि वर्ष 1962 तक कांके जलाशय के करीब एक प्राकृतिक झील थी, जिस पर जल वितरण के लिए पंप लगा था और वहां से दो नदियां निकलती थींङ्कजुमार और पोटपोटो। ये दोनों रांची शहर के बीच से इठलाती–घूमती अपने रस्ते चलते हुए बोरियो के पास सुवर्णरेखा में मिल जाती थीं। जुमार को रेत खनन ने मार डाला, अब यहां पूरे साल सूखा ही रहता है, जबकि पोटपोटो को अतिक्रमण और कूड़ा निकासी चाट गया। दोरंदो के नाम से लोकप्रिय भुसूर नदी 25 किलोमीट लंबाई तक रांची शहर में ही घूमती है। इसे अतिक्रमण, गंदगी और कूड़े ने लगभग लुप्त कर दिया है। रांची शहर में हरमू नदी की चौड़ाई 25 मीटर से घट कर कई स्थानों पर एक मीटर से भी कम हो गई है। रांची नगर–निगम की ओर से हरमू नदी के सौंदर्यीकरण के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं। कई स्थानों पर चेकडैम भी बनाये जा रहे हैं, ताकि नदी के अस्तित्व को बचाया जा सके, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद हरमू नदी को पुनर्जीवित करने का प्रयास सफल होता नहीं दिख रहा है। बरसात में दो–तीन महीने को छोड़कर अन्य दिनों में इसकी स्थिति एक बड़े नाले की तरह हो जाती है। आबादी बढ़ने के साथ ही नदी के आसपास के मोहल्लों से निकलने वाला गंदा पानी और गंदगी, दोनों ही इस नदी में गिराए जाने लगे, जिसकी वजह से आज यह नदी पूरी तरह दूषित हो चुकी है। नदी का पानी तो काम का है नहीं, इसके कारण दूर–दूर तक भूजल भी जहरीला हो चुका है। हरमू मुक्तिधाम और हरमू फल मंडी के पास दो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए गए हैं। इसके बावजूद नदी में गंदगी और गंदे पानी को गिरने से नहीं रोका जा सका है। मुक्तिधाम के पास नदी में कुछ दूर तक पाथ–वे बनाया गया है। हरमू बाइपास पुल के पास नदी के ढलान पर घास और सजावटी पौधे भी लगाए गए, लेकिन रख–रखाव के अभाव में ये पौधे सूखने लगे हैं। ग्रामीणों ने नदी में जगह–जगह मिट्टी से बांध बनाकर पानी रोका है और इस तरह बने छोटे जलाशयों में लोग नहाते हैं, कपड़ा–बर्तन धोते हैं और मवेशियों को पानी पिलाते हैं।

पंकज चतुर्वेदी

## मिला जुला

# कांग्रेस भाजपा से जनता रूष्ट तलाश रही तीसरा विकल्प जिला अध्यक्ष-आप

### संगठन मजबूत करने आप के नेता कर रहे क्षेत्र का दौरा

जोहार छत्तीसगढ़–देवभोग।

दिल्ली और पंजाब में सरकार के बाद आम आदमी पार्टी अब छग में भी चुनाव की तैयारी को लेकर संगठन के ढांचा तैयार करने में जुट गयी है। पिछले माह भर मे विन्द्रानवागढ़ में आप के जिला और प्रदेश के पदाधिकारीयो का धुंआधार दौरा चल रहा है। सप्ताहभर पहले मैनपुर के दाबरीगुड़ा में बड़ी बैठक कर संगठन तैयार कर लिया तो वही पिछले दो तीन दिनों से गरियाबंद के जिला अध्यक्ष श्रवण यादव और जिला संगठन मंत्री चवन यादव देवभोग ब्लाक में भी गांव के ग्रामीणों से मुलाकात कर पार्टी का सदस्यता अभियान चला रहे है। आप के जिला अध्यक्ष और संगठन मंत्री ने जोहर छग से मुलाकात कर सीधी बातचीत की।

**सवाल**–क्या आम आदमी पार्टी विन्द्रानवागढ में चुनाव लड़ेगी।

जबाब–आम आदमी पार्टी विन्द्रानवागढ ही नही बल्कि छग के पूरे नब्बे विस में अपना उम्मीवार लड़ायेगी।

**सवाल**–संगठन तैयार करने में जनता आप में कितना रूचि ले रही है।

जबाब–जनता कांग्रेस और भाजपा से रूष्ट है तीसरे विकल्प की तलाश कर रही है। ऐसे मे आप ही तीसरा विकल्प है।





**सवाल**–आप किन मुद्दो पर चुनाव लड़ेगी।

जबाब–कांग्रेस और भाजपा की विफलता और दिल्ली और पंजाब सरकार के जनहितैषी कामकाज को लेकर चुनाव लड़ेगे और छग में भी सुशासन देंगे।

**सवाल**–विस चुनाव में विन्द्रानवागढ़ में कौन होगा पार्टी का चेहरा।

जबाव–पार्टी अभी तय नहीं की है लेकिन इतना है विन्द्रानवागढ़ में स्वच्छ छवि वाले दो तीन लोगों से सम्पर्क में है जो भी चेहरा होगा चुनाव जीतने वाला छवि होगा।

**सवाल**– कार्यकर्ता तैयार करने में कितना समय लग जायेगा और कितने का लक्ष्य है।

जबाब–कार्यकर्ता निर्माण के लिये कोई लक्ष्य नही होता फिर भी चुनाव के पहले तक पार्टी बुथस्तर तक कार्यकर्ता तैयार कर संगठन को मजबूत कर लिया जायेगा।

**सवाल**–क्या कोई केन्द्रीय नेता का भी दौरा होगा।

जबाब–इस संबंध में केन्द्रीय नेतृत्व तय करेगा हां चुनाव के समय राष्ट्रीय संयोजक सहित दिल्ली और पंजाब के शीर्षस्थ नेता का दौरा निश्चित है।

ये था आप पार्टी के जिला अध्यक्ष और संगठन मंत्री बात चीत का कुछ अंश। पिछले माह भर से आम आदमी पार्टी के जिला और प्रदेश इकाई के कई नेता विन्द्रानवागढ़ के प्रवास पर है और संगठन के विस्तार का जोर–शोर से कार्य चल रहा है।

# ओपी चौधरी के खिलाफ, एफआईआर के विरोध में भाजपाइयों ने फूंका मुख्यमंत्री भूपेश का पुतला

जोहार छत्तीसगढ़–देवभोग।



गोहरापदर भाजपा प्रदेश मंत्री एवं युवा मोर्चा के प्रदेश सह प्रभारी आदरणीय ओपी चौधरी के खिलाफ एफ आई आर दर्ज करने के विरोध में भूपेश बघेल के कांग्रेसी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जिला गरियाबंद में सभी मंडल में पुतला दहन का किया गया।

जिसमें देवभोग मंडल में युवा मोर्चा गरियाबन्द जिलाध्यक्ष डॉ. योगीराज माखन कश्यप ने भाजयुमो मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर भूपेश बघेल के खिलाफ डेढ़ घंटे से नारेबाजी करते रहे और पुलिस को चकमा देकर के भूपेश बघेल का पुतला दहन किया। पिछले दिनों एक वीडियो के जी एफ थीम में तेजी से वायरल हुआ था जिसमे कोरबा के कोयला खदान से सार्वजनिक रूप से कोयला चोरी का भंडाफेड़ सामने आया ये वीडियो भाजपा प्रदेश मंत्री एवं युवा मोर्चा के सह प्रभारी ओपी चौधरी के ट्विटर से वायरल हुआ था जिसको लेकर कांग्रेस सरकार एवं प्रशासन हड़कंप में आगयी बाद में कॉंग्रेस नेताओ द्वारा इसी वीडियो को लेकर ओपी चौधरी के खिलाप एफ आई आर दर्ज किया गया है जिसको लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में सच्चाई को उजागर करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रकरण बनाने को लेकर प्रदेश भर में विरोध हो रहा है इसी तारतम्य में भाजयुमो जिला गरियाबन्द भी सभी मंडलो में भूपेश बघेल और कॉंग्रेस सरकार का पुतला दहन कर जबरदस्त विरोध दर्ज किया है। गोहरापदर में पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी के साथ भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया ओपी चौधरी के खिलाफ एफआईआर से भाजयुमो कार्यकर्ताओं में जमकर रोष व्याप्त है। अगर एफ आईआर वापस नहीं ली गई तो भाजपाई उग्र होकर सरकार के विरोध में उतरने को तैयार हैं।

# हाथ में मिली हॉकी स्टिक तो दौड़ पड़ी बच्चियां नई किस्मत लिखने

### खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने बच्चियों को उपलब्ध कराई गई हॉकी किट

जोहार छत्तीसगढ़–कोरिया।

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से दूरस्थ बसे वनांचल रामगढ़ की स्कूली बच्चियों की हॉकी खेलने की चाह को जिला प्रशासन का साथ मिला है। बच्चियों की मांग पर स्थानीय प्रशासन द्वारा तुरंत हॉकी किट उपलब्ध कराई गई और उन्हें खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया गया। विकासखंड सोनहत के ग्राम पंचायत रामगढ़ के शासकीय हाई स्कूल में पढ़ने वाली ये बच्चियां सुदूर वनांचल ग्रामों से आती हैं। रामगढ़, सिंघोर, चुलादर, नटवाही, एतवार,



**सुदूर वनांचल रामगढ़ की बच्चियों की हॉकी खेलने की चाह को मिला जिला प्रशासन का साथ**

उज्ञाव और सलगवा जैसी गांवों की रहने वाली इन स्कूली छात्राओं की इच्छा हॉकी खेलने की थी। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के संज्ञान में आते ही उन्होंने संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया कि छात्राओं को नई किट दिलाई जाए। त्वरित कार्य करते हुए स्थानीय प्रशासन द्वारा हॉकी किट पहुंचाई गई। इस किट में जूते, जर्सी, गॉर्ड और हॉकी स्टिक शामिल है। किट मिलते ही बच्चियों की खुशी का ठिकाना ना रहा। किट मिलते ही छात्राओं ने के मैच खेला जिसमें टीम। में लक्ष्मी, कृति, मीनू,निर्मला, संतरिया, प्रेमवती, सीमा, रेशु, सीता, मुस्कान और उर्मिला शामिल रही तो टीम बी में मनीषा, अमीषा, सिमरन, संगीता, प्रतिमा, पूर्णिमा, चंदा, कन्या, प्रभावती और रोशनी शामिल रही। उन्होंने नई किट मिलने पर खुशी जताते हुए जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

# कलेक्टर ने जिला ग्रंथालय का किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़–कोरिया।

*** अध्ययन, बैठक व्यवस्था सहित अधोसंरचना में विस्तार करते हुए ग्रंथालय को अपग्रेड करने प्रशासनिक टीम को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

*** ऑक्सिजोन की तर्ज पर ग्रंथालय के बाहर पौधरोपण कर बैठने की व्यवस्था बनाई जाएगी**




कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिला ग्रंथालय का निरीक्षण कर यहां शहरवासियों की सुविधा के लिए अध्ययन एवं बैठक व्यवस्था सहित अधोसंरचना में विस्तार करते हुए जिला ग्रंथालय को अपग्रेड करने प्रशासनिक टीम को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कुणाल दुदावत भी मौजूद रहे। कलेक्टर शर्मा ने ग्रंथालय में उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी से प्रतियोगी परीक्षाओंए विभिन्न कोर्स की पुस्तकों की उपलब्धता की जानकारी ली तथा विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त मात्रा में उपयोगी पुस्तकों, पत्र–पत्रिकाओं, नियमित अखबार की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि ग्रंथालय को अपग्रेड करने के प्रथम चरण में विभिन्न विषयों और साहित्य से जुड़ी पुस्तकों की उपलब्धता, बेहतर बैठक व्यवस्था, रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था एवं अन्य अधोसंरचना सुनिश्चित की जाएगी।



ग्रंथालय भवन के बाहर बाउंड्रीवाल कर सुरक्षित परिसर तैयार किया जाएगा। प्रवेश के लिए गेट से पेवर ब्लॉक पाथ वे एवं रैंप तैयार किया जाएगा। उन्होंने ऑक्सिजोन की तर्ज पर पौधरोपण कर परिसर में बैठने की व्यवस्था बनाने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। अपग्रेडेशन के दूसरे चरण में भूतल पर स्थित भवन के ऊपर प्रथम तल का निर्माण किया जाएगा। जहां हाइटेक लाइब्रेरी की तर्ज पर कंप्यूटर सिस्टम की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान एसडीएम बैकुंठपुर एवं तहसीलदार तथा संबंधित अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे।

# आर्थिक अनियमितता मामला दर्ज न कराने पर आईएएस के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

आर्थिक अनियमितता के मामलों में हस्तशिल्प विकास बोर्ड और माटी कला बोर्ड के प्रबंध संचालक सुधाकर खलखो आईएएस के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज न कराने पर किसान मजदूर संघ छत्तीसगढ़ के संयोजक ललित चंद्रनाहू ने अब हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने जनवरी 2022 में एक शिकायत पत्र राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो/एंटी करप्शन ब्यूरो में प्रस्तुत किया। छत्तीसगढ़ के कारीगरों की आजीविका का साधन उपलब्ध कराने और उनकी पारंपरिक कला को प्रोत्साहित करने के लिए शासन द्वारा हस्तशिल्प विकास बोर्ड तथा माटी कला बोर्ड की स्थापना की गई है। इन दोनों संस्थाओं में प्रबंध संचालक के पद पर सुधाकर खलखो कार्यरत हैं। उनके विरुद्ध शिकायत प्राप्त होने पर शासन स्तर से एक तीन सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया। ग्रामोद्योग विभाग के विशेष सचिव भुवनेश यादव आईएएस जांच दल के प्रमुख थे। जांच दल में वित्त विभाग के अधिकारी भी शामिल थे। जांच दल के गठन का आदेश शासन द्वारा 19 अगस्त 2021 को किया गया था, जिसके अनुपालन में जांच दल द्वारा 7 पृष्ठीय जांच प्रतिवेदन तैयार कर 55 अन्य प्रासंगिक सहपत्रों सहित उसे ग्रामोद्योग विभाग में प्रस्तुत किया गया। ग्रामोद्योग विभाग द्वारा जांच प्रतिवेदन आवश्यक कार्रवाई के लिए सामान्य प्रशासन विभाग को भेजा गया। क्योंकि खलखो आईएएस कैडर के अधिकारी हैं। उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए सामान्य प्रशासन विभाग ही सक्षम प्राधिकारी हैं। लेकिन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा न तो उक्त अधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई प्रारंभ की गई और न ही उनके विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया गया। जांच प्रतिवेदन के अनुसार सुधाकर खलखो द्वारा बरती गई गंभीर आर्थिक अनियमितता और आपराधिक कृत्यों का विवरण इस तरह है।



### 20 लाख रुपए की फोटोग्राफी

* जांच प्रतिवेदन का प्रथम बिंदु छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा समस्त घटकों की ऑनलाइन मार्केटिंग हेतु उत्पादों की फ ोटोग्राफ ी कराए जाने से संबंधित है। प्रबंध संचालक खलखो द्वारा भंडार क्रय नियमों का पालन किए बिना धमतरी की एक फर्म को लगभग 20 लाख रुपए की फ ोटोग्राफ ी का कार्यादेश जारी कर भुगतान किया गया है। भुगतान 15 मार्च 2020 से 7 नवंबर 2020 की अवधि में 21 देयकों के माध्यम से किया गया है। देयकों की राशि 99 हजार रुपए के आस-पास रखी गई है। उत्पादों की फोटोग्राफी के लिए फर्मों से स्वतह् संपर्क कर दर पत्रक प्राप्त किए गए हैं। जबकि छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियम 2002 के नियम.4, 3, 3 ; में विहित प्रावधान के अनुसार 10 लाख रुपए से अधिक तथा 20 लाख रुपए की सीमा तक खरीदी या व्यय के लिए प्रदेशस्तरीय बहुप्रसारित दो समाचार पत्रों और राष्ट्कीय स्तर के एक समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित किया जाना अनिवार्य है।

### बोर्ड को 62980 रुपए प्राप्त, 3272439 रुपए खर्च

* जांच प्रतिवेदन के बिंदु क्रमांक.2 में हस्तशिल्प विकास बोर्ड के उत्पादों की बिक्री अहमदाबाद के निजी फ र्म से किए जाने पर बोर्ड को होने वाले नुकसान का उल्लेख है। प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर संचालन का निर्णय प्रबंध संचालक द्वारा अपने स्तर से लिया गया है। जबकि यह एक नीतिगत निर्णय था। जो बोर्ड के संचालक मंडल द्वारा किया जाना था। इसके लिए शासन से निर्देश प्राप्त किया जाना था उक्त मोड से व्यवसाय किए जाने के कारण बोर्ड को वर्ष 2020 और 2021 में माह जुलाई तक मात्र 62980 रुपए की प्राप्ति हुई। जबकि व्यय की गई राशि 3272439 रुपए है। पीपीपी मोड में व्यवसाय के लिए फ र्मों के चयन में भी टेंडर प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया।

### क्रय नियमों का पालन न कर शासन से छल

* बिंदु क्रमांक.3 जांच प्रतिवेदन का सामान्य है। बिंदु क्रमांक-4 स्टूडियो निर्माण से संबंधित है। इसमें 10 लाख रुपए से अधिक व्यय करने के बावजूद टेंडर प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। उत्पादों की फोटोग्राफी में लगभग 20 लाख रुपए व्यय किए जाने के बाद प्रबंध संचालक द्वारा स्टूडियो का निर्माण कराया गया और इसके लिए उन्होंने एक फ र्म को 11 लाख 75 हजार रुपए का भुगतान क्रय नियमों का पालन किए बिना कर दिया। प्रबंध संचालकर द्वारा जहां एक ओर शासकीय धन का आपराधिक दुर्विनियोग किया गया हैए वहीं दूसरी क्रय नियमों का पालन न कर शासन से छल किया गया है।

### वाहन की खरीदी में बरती वित्तीय अनियमितता

* जांच प्रतिवेदन का अंतिम बिंदु वाहन खरीदी से संबंधित है। जांच प्रतिवेदन में एक ही वाहन की खरीदी में बरती गई वित्तीय अनियमितता का उल्लेख है। जबकि कुल 5 वाहन खरीदे गए हैं। यह भी संभव है कि जांच की अवधि में खरीदे गए वाहन की संख्या मात्र एक तक सीमित रही हो। प्रबंध संचालक द्वारा जो वाहन क्रय किए गए हैं उसके लिए न तो विभागध्शासन द्वारा आवंटन उपलब्ध कराया गया है और ना ही वाहनों की खरीदी के लिए वित्त विभाग से अनुमति प्राप्त की गई है। वाहनों की खरीदी अन्य मदों और ब्याज की राशि से की गई हैए जबकि वाहनों की खरीदी न तो किसी अन्य मद की राशि से की जा सकती है और न किसी मद की ब्याज की राशि से। खलखो द्वारा वाहनों की खरीदी में वित्त एवं योजना विभाग के परिपत्रक क्रमांक 1000/बी.1/चार/ 2003, 2 दिसंबर 2003 में दिए गए निर्देशों का भी पूर्ण रूप से उल्लंघन किया गया है। इस प्रकार खलखो द्वारा अन्य मद की राशि से बिना सक्षम अनुमति के वाहन क्रय कर शासकीय धन का स्पष्ट रूप से आपराधिक दुर्विनियोग किया गया है। वाहन क्रय की संपूर्ण राशि वसूली योग्य है। प्रबंध संचालक के विरुद्ध प्रस्तुत शिकायत पर राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई प्रारंभ नहीं किए जाने पर शिकायतकर्ता द्वारा प्रदेश के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, अपर मुख्य सचिव गृह विभाग और सचिव सामान्य प्रशासन विभाग को पत्र प्रेषित कर प्रबंध संचालक के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ करने पुलिस अधीक्षक आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो/एंटी करप्शन ब्यूरो को निर्देशित किए जाने का अनुरोध मार्च 2022 में किया गया था। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया था कि सुधाकर खलखो के विरुद्ध प्रारंभिक जांच पूरी कर ली गई है। एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी की अध्यक्षता में गठित जांच दल द्वारा खलखो को आर्थिक अपराधों का दोषी पाया गया है। लेकिन उनके पदीय हैसियत को ध्यान में रखते हुए उन्हें विधि विरुद्ध प्रशासकीय संरक्षण प्रदान किया जा रहा है। पत्र में यह भी स्पष्ट कर दिया गया था कि 15 दिवस के अंदर प्रबंध संचालक के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं कराए जाने पर न्यायालय की शरण में जाना शिकायतकर्ता की विवशता होगी। पर शिकायतकर्ता का उक्त पत्र किसी तरह का सार्थक परिणाम नहीं दे पाया, अंततः शिकायतकर्ता ने उच्च न्यायालय में याचिका प्रस्तुत की है। चंद्रनाहू ने यह भी बताया कि प्रबंध संचालक ने अपनी पदीय शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए दोनों संस्थाओं में अनेक लोगों को नियम विरुद्ध नियुक्तियां दी है। इसकी अलग से शिकायत की जाएगी।

## एक नजर

### गांवों में पशुओं का रोका छेका करने ग्राम स्तर पर 20 जून तक बैठकें आयोजित करने के निर्देश

गौठानों में की जाएगी चरवाहा की व्यवस्था

पशुओं को गौठानों में लाने मुनादी कराने के निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार खेती.किसानी से जुड़ी छत्तीसगढ़ की ग्रामीण संस्कृति की पुरानी परंपरा के अनुसार गांवों में आगामी फसल बुआई के पूर्व खुले में चराई करने वाले पशुओं से फ सलों को बचाने के लिए इस वर्ष भी रोका-छेका कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। रोका-छेका के माध्यम से किसान और पशुपालक अपने पशुओं को खुले में चराई के लिए नहीं छोड़ने का संकल्प लेते हैंए ताकि फसलों को नुकसान न पहुंचे। पशुओं को घरों, बाड़ों और गौठानों में रखा जाता है और उनके चारे.पानी का प्रबंध भी किया जाता है। गांवों में गौठानों के बनने से रोका.छेका का काम अब और भी ज्यादा आसान हो गया है। गौठानों में पशुओं की देखभाल और उनके चारे.पानी की प्रबंध की चिन्ता अब किसानों और पशुपालकों को नहीं है। गौठानों में इसका प्रबंध पहले ही किया गया है। कलेक्टरों और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को रोका.छेका कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में विस्तृत दिशा.निर्देश जारी किए गए हैं। प्रदेश के सभी कलेक्टरों और जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को छत्तीसगढ़ की रोका-छेका प्रथा के अनुरूप गौठानों में पशुओं के प्रबंधन व रख-रखाव की उचित व्यवस्था करने, पशुपालकों और किसानों को अपने पशुओं को घरों में बांधकर रखने के लिए प्रोत्साहित करने तथा गांवों में पहटिया चरवाहा की व्यवस्था करने के संबंध में 20 जून तक ग्राम स्तर पर बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। रोका छेका होने से कृषक शीघ्र बुआई कार्य संपादित कर पाते हैं। साथ ही दूसरी फसल लेने के लिए प्रेरित होते है। कलेक्टरों और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से कहा गया है कि 20 जून तक ग्राम स्तर पर ग्राम सरपंच, पंच, जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीणजन की बैठक आयोजित कर पशुओं के नियंत्रण से फसल बचाव का निर्णय ग्राम सरपंचए पंचए जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों के द्वारा लिया जाए। फसल को चराई से बचाने हेतु पशुओं को गौठान में नियमित रूप से लाये जाने के संबंध में प्रत्येक गौठान ग्राम में मुनादी करायी जाये। कलेक्टरों और मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को गौठान में पर्याप्त चारा, पैरा आदि की व्यवस्था करने, ग्रीष्मकालीन धान की फ सल के पैरादान हेतु कृषको को प्रेरित करनेए समस्त निर्मित गौठानों में 30 जुलाई से पहले चारागाह की स्थापना कर चारा उत्पादन कराने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टरों से रोका-छेका कार्यक्रम का स्थानीय स्तर पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कर ग्रामीणजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### तेंदुवाही में वृद्धा पेंशन,आवास योजना की पैसा नहीं मिलने पर ग्रामीणों में आक्रोश-अशवंत तुषार साहू

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम तेंदुवाही में वृद्धा पेंशन,आवास योजना के पैसा नहीं मिलने पर ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिला किसान नेता अशवन्त तुषार साहू ने ग्रामीणों में चर्चा कर संबंधित अधिकारी फोन में बात कर समस्या का निदान करने को कहा ग्रामीण थनवार बिफोर ने बताया कि आवास योजना का एक किस्त 25000 दूसरा किस्त 40000 तीसरा किस्त 40000 मिला है और घर का भलाई का काम पूरा होने के बाद लास्ट किस्त के लिए दर दर की ठोकर खाना पड़ रहा है अधिकारियों के द्वारा घर का फोटो खींचकर ले गए तीन महा हो गया है लेकिन अब तक हमारे खाते में पैसा नहीं आया है। बैंक व सरकारी दफ्तरों का चक्कर काट काट के परेशान हो गए हैं साहूकारों व दुकानदारों से जो कर्ज में समान पैसा लाए थे वह हमें पैसे देने की हमेशा दबाव डालते हैं।

#### ग्रामीण जन साथ में

थनवार बिफोर, राहुल टंडन, धनराज बघेल, बिसेलाल सोनवानी, शंकर बंजारे, विजय सिंह बारले, धनेंद्र बिफोर, दिलीप कुर्रे, भारत कोशले, विवेक जोगी, मिलिंद बिफॉरे, हिलेज बिफोर, नितेश बिफोर, शेखर बिफोर, अत्यधिक संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे हैं।

सलका गौठान में शुरू होगा रेशम धागा प्रसंस्करण और फेंसिंग पोल निर्माण

# कलेक्टर ने आजीविका गतिविधियों के लिए शेड निर्माण का किया निरीक्षण

गौठान में खाद्य प्रसंस्करण के माध्यम से महिलाएं जुड़ी स्वरोजगार से राइस मिलिंग से दुर्गा ने 15 से 20 हजार का कमाया लाभांश

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



विकासखंड बैकुंठपुर के ग्राम सलका में स्थित गौठान में जल्द ही महिला समूहों को फेंसिंग पोल निर्माण और रेशम धागा प्रसंस्करण के कार्य से जोड़ा जाएगा। इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना एवं विभागीय समन्वय स्थापित किया गया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा की विशेष पहल पर महिला समूह को नई तरह की आजीविका से जोड़ा जा रहा है। कलेक्टर शर्मा ने इस संबंध में सलका गौठान का निरीक्षण कर शेड निर्माण कार्य का अवलोकन कर शीघ्र निर्माण कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

### गौठान में खाद्य प्रसंस्करण से महिलाएं जुड़ी स्वरोजगार से

गौठान में स्थापित खाद्य प्रसंस्करण इकाई के अंतर्गत मिनी राइस मिलए तेल मिल और दाल मिल का संचालन किया जा रहा है। मिनी राइस मिल के संचालन से सखी स्व सहायता समूह की दुर्गा ने अब तक 30 हज़ार से ज्यादा की कमाई की है जिसमें उनका लाभ 10 से 25 हजार तक रहा है और ये लाभ दुर्गा को मात्र 4 महीने में ही मिल गया है। दुर्गा बताती हैं कि उन्होंने 4 माह पूर्व राइस मिल का काम शुरू किया। अब वे इस काम में पारंगत हो गयी हैं। कलेक्टर द्वारा निरीक्षण के दौरान दुर्गा ने बताया कि कमाए हुए पैसों को उन्होंने अपनी पढ़ाई में लगाया। वे मुस्कुरा के कहती हैं कि अभी शादी हुई है। शादी के काम में भी कमाए हुए पैसे बहुत काम आए। इसी तरह कृष्णा स्व सहायता समूह की सदस्य राजकुमारी यहां तेल मिलिंग का काम करती हैं। अब तक उन्होंने 31 लीटर तेल का प्रसंस्करण किया है जिससे उन्होंने 5 हजार 580 रुपये कमाए हैं। गौठान में महिला समूहों के द्वारा साबुन निर्माण, अगरबत्ती, एवं हल्दी, मिर्च, धनिया पाउडर निर्माण और पैकेजिंग के साथ सरसों तेल मिलिंग एवं पैकेजिंग भी की जा रही है। जिसे विक्रय के लिए सी-मार्ट भेजा जा रहा है।

# सरोवर स्वच्छता अभियान का लिया संकल्प

लगातार 5 दिन तक महामाया तालाब में फैली गंदगी की सफाई

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।




नगर की कुलदेवी मां महामाया मंदिर के तालाब परीसर की सफाई अभियान लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा। सफ ाई अभियान में तालाब के आस-पास के निवासियों, बच्चों, तालाब के उपयोग करने वालों को अपने स्वच्छता के कार्य में शामिल किया जा रहा है। एवं उके साथमिल कर तालाब की सफ ाई कर स्वच्छता की शपथ भी ली जा रही है। इस स्वच्छता अभियान का नेतृत्व कर रहे महासमुन्द शहर के स्वच्छता के ब्रांड एम्बेसडर व हमर भुइयां के चेयरपर्सन नूरेन चंद्राकर ने बताया कि हमारे इस सप्ताह अभियान का मुख्य उद्देश्य आसपास के लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना है। अभियान में तलाब निवासरत बच्चे और महिलाएं बढ़ चढ़कर हिस्सा लें रहें है। पर्यावरण संरक्षकों का तलाब सफाई अभियान को शहरवासियों द्वारा सराहा जा रहा है। चन्द्राकर ने महासमुन्द के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में श्रमदान कर तालाब को साफ कर उसे प्रदूषण मुक्त करने में अपना अमूल्य योगदान देने हेतु अपील की गई हैं। इस स्वच्छता के कार्यक्रम में संस्था हमरभुईया महासमुन्द के हुकुम चंद्राकर, वार्ड नम्बर 15 से त्रिभुवन महिलांग,शि महिलांग, सती चन्द्राकर,महावीर फ ाउंडेशन से रविन्द्र जैन, कुर्मी पारा से गोपाल सोनी, परिवर्तन फ ाउंडेशन से सुनील साहू, तालाब संरक्षण संघ से किशोर साहू, संवेदना ग्रुप से जितेंद्र चंद्राकर, द एन्जॉय ग्रुप से विश्वनाथ;शिवा, लक्ष्मी नारायण, नथिला सोना, सरोज भोई, मनोज मुख्य रूप से उपस्थित रह कर तालाब सफाई में अपना श्रमदान कर रहें है।

**पर्यावरण प्रेमियों की अनूठी पहल में वार्डवासियों का मिला सहयोग**

# मलेरिया की रोकथाम के लिए गंभीरता से करें काम, मच्छरदानी का उपयोग करें सुनिश्चित-कलेक्टर

समय पर कार्यालय पहुंचना सुनिश्चित करें समस्त अधिकारी, साप्ताहिक समय सीमा की बैठक संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



कुछ ही दिनो में प्रदेश में बारिश होने लगेगी। इस दौरान मच्छरों के पनपने से मलेरिया का खतरा बढ़ता हैए इसकी रोकथाम के लिए जमीनी स्तर के अधिकारी कर्मचारी सजग होकर पूरी गंभीरता से कार्य करें। मंगलवार को आयोजित समय सीमा के बैठक में कलेक्टर विनीत नंदनवार ने कहा कि जिले में मलेरिया की रोकथाम और उससे बचाव के लिए विगत वर्षों में अच्छे प्रयास किए गए है, फिर भी हम सभी को गंभीरता से मलेरिया से बचाव हेतु कार्य करना चाहिए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों, खासकर ऐसे क्षेत्र जहां मलेरिया का खतरा अधिक रहने की आशंका हो, में ग्रामीणों द्वारा मच्छरदानी का उपयोग सुनिश्चित किए जाने के लिए मितानिन एवं कोटवार के माध्यम से जन जागरूकता लाने को कहा। इसके साथ ही आश्रम छात्रावासों में भी विशेष एहतियात बरतने और बच्चों के नियमित जांच करने के निर्देश दिए। निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर नंदनवार ने पूर्ण आश्रम छात्रावासों के शीघ्र संचालन प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया है। जिससे बच्चों को जल्द से जल्द सुविधा हो। वहीं आगामी एक माह के भीतर पूर्ण होने वाले भवनों में विद्युतीकरण हेतु प्रस्ताव भेजने को कहा। ऑनलाइन पोर्टल पर एंट्रीए ऑनलाइन सेवाओं का लाभ जिलेवासियों को सुविधापूर्ण रूप से मुहैया करने के लिए जिले भर में संचालित स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, राशन दुकान, आदिवासी विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित पुलिस विभाग के भवनों में इंटरनेट सुविधा की व्यवस्था के लिए सभी विभाग प्रमुखों को फ ाइबर नेट लगवाने के लिए निर्देशित किया है। बैठक में नंदनवार ने सर्व विभाग की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने शासन की मंशा के अनुरूप सी.मार्ट को बढ़ावा देने के लिए, कार्यालय उपयोगी वस्तुओं की खरीदी सी-मार्ट से ही करने के लिए कहा, जिससे महिला समूहों को प्रोत्साहन मिले।

### सीएम प्रवास के दौरान प्राप्त आवदेनों पर शीघ्र कार्यवाही करें

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान प्राप्त आवेदनों में निराकरण की विभाग वार समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर निराकृत होने वाले आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही करे। वहीं राज्य स्तर के प्रकरणों के निराकरण हेतु राज्य कार्यालयों को अवगत कराएं। इसके साथ कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के संबंध में भी जल्द कार्यवाही करने के निर्देश दिए। नंदनवार ने समय सीमा की बैठक में विभाग प्रमुखों से दो टूक कहा कि कार्यालयों में अधिकारी कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी विभाग प्रमुखों की है। कार्यालयों का औचक निरीक्षण नियमित रूप से किया जायेगा।

# संसदीय सचिव ने शासन की योजनाओं का लाभ उठाने का किया आव्हान

पचरी में गौ पालन को बढ़ावा देने तथा किसानों की आर्थिक सुधार के लिए कार्यशाला आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने ग्राम पंचायत पचरी में वामा डेयरी द्वारा आयोजित कार्यशाला का दीप प्रज्जवलित कर शुभांरभ किया। इस दौरान उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। बुधवार को वामा डेयरी द्वारा ग्राम पंचायत पचरी में जिले में गौपालन एवं दूध उत्पादन बढ़ाने तथा किसानों की आर्थिक सुधार को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल ने की। अतिथि के रूप में कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर, एसपी विवेक शुक्ला, जिला पंचायत के सीईओ एस आलोक, जनपद पंचायत सीईओ निखत सुल्ताना, वामा डेयरी के एमडी प्रशांत धारीवाल, मोहित धारीवाल, कल्याण भद्रा, सरपंच हेमलता डडसेना, पवन डडसेना मौजूद थे। मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने जिले में गौपालन एवं दूध उत्पादन बढ़ाने तथा किसानों की आर्थिक सुधार को लेकर वामा डेयरी द्वारा किए गए प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गाय पालन को आर्थिक रूप से फ ायदेमंद बनाने के लिए गौधन न्याय योजना शुरू की गई है। इस योजना का उद्देश्य गाय पालन को बढ़ावा देने के साथ ही उनकी सुरक्षा और उसके माध्यम से पशुपालकों को आर्थिक रूप से लाभ पहुंचाना है।

उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने प्रदेश सरकार द्वारा हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। किसानों को इस साल प्रति क्विंटल 2640 रूपए धान का समर्थन मूल्य मिलेगा। अगले साल किसानों को करीब 2800 रूपए मिलने की संभावना है। भूपेश बघेल के राज में किसानों को किसी भी प्रकार की कोई चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर आर्थिक रूप से सक्षम बनने का आव्हान किया। कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने कहा कि पशुपालन के माध्यम से किसानों की आय में बढ़ोत्तरी हो, ऐसी शासन की मंशा है। खेती.किसानी के साथ-साथ पशुपालन की ओर किसानों को आगे आना होगा। इसके पूर्व वामा डेयरी के एमडी प्रशांत धारीवाल ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। आभार प्रदर्शन मोहित धारीवाल ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरिता डडसेना, उपदेश मारकंडे, देवकुमार चेलक, लखन टंडन, जनक डडसेना, मोहित घिरे, अर्चना मारकंडे, बेदराम जोशीए सरस्वती गिलहरे, बिंदिया डोरा, राजकुमार कुर्रे, हुमेश्वर साहू, देवेश डडसेना, रेवाराम कुर्रे, प्रीति भगत सहित ग्रामीणजन मौजूद थे।

# बदलते बस्तर में विश्वास की तस्वीर

## बंदूक से नहीं विश्वास से शांति स्थापित करने की कोशिश

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

बस्तर बदल रहा है यह तस्वीर उदाहरण है नक्सल मोर्चे में तैनात सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच की लड़ाई में सिर्फ हथियार से ही नहीं यह जंग विश्वास से भी जीता जा सकता है।





बस्तर के आदिवासियों का सुरक्षाबलों के प्रति विश्वास बढाना ही सबसे बड़ी जीत है तस्वीर में देखें नक्सल प्रभावित क्षेत्र जगरगुंडा इलाकें में तैनात 165 बटालियन के जवानों की है जहां अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र में जागरूकता और ग्रामीणों का नि:शुल्क स्वास्थ् परीक्षण किया गया। जगरगुण्डा स्थित 165 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल तथा छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ जगरगुण्डा क्षेत्र के लोगों के साथ पब्लिक मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मौके पर 165 बटालियन के केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेट धर्मेन्द्र कुमार झा, डॉ. प्रभात कुमार सहायक कमांडेंट पवन कुमार, सहायक कमांडेंट अरविंद कुमार मिश्रा, सहायक कमांडेंट मारुति बी, नायक तथा थाना प्रभारी नरेन्द्र दुबे की उपस्थिति रही। इस दौरान क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशद चर्चा की गई। क्षेत्र के युवाओं को रोजगार संबंधी व भारत सरकार द्वारा संचालित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई नक्सल समस्या से ग्रस्त जगरगुण्डा क्षेत्र की जनता के कल्याण व उनके चंदुमुखी विकास के सम्बन्ध में भी चर्चा की गई। लेने के चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रभात कुमार द्वारा लोगों को स्वास्थ्य विशेषकर महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई।

मलेरिया से बचाव हेतु क्षेत्र के लोगों को जागरूक किया गया तथा इस दौरान जगरगुण्डा के करीब 120 स्थानीय लोगों को मुफ्त चिकित्सा सलाह व दवाइयों का वितरण किया गया। युवाओं को खेलकुद में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिए प्रेरित किया गया उपस्थित अधिकारियों ने मौके पर मौजूद लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना और उनके यथाशीघ्र समाधान का पूर्ण आश्वासन दिया गया। स्थानीय युवाओं को विभिन्न केंद्रीय पुलिस बलों व राज्य पुलिस में भर्ती हेतु पूर्व प्रशिक्षण देने हेतु भी प्रस्ताव दिए गए। जगरगुण्डा क्षेत्र के समस्त लोगों ने इस रचनात्मक कदम हेतु 105 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का तहेदिल शुक्रिया अदा किया। सभी उपस्थित ग्रामवासी तथा सिविल पुलिस के कार्मिकों को से स्वअलपाहार भी उपलब्ध कराया गया।

## एक नजर

### जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आज कृषिमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



प्रदेश के कृषि, जैव प्रौद्योगिकी, पशुपालन, मछली पालन, जल संसाधन एवं आयाकट मंत्री रविन्द्र चौबे के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव 2022-23 का आयोजन गुरुवार 16 जून को दोपहर 1:00 बजे स्वामी आत्मानंद शिवलाल राठी उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में आयोजित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि विधायक बेमेतरा आशीष कुमार छाबड़ा, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष बेमेतरा शकुंतला मंगत साहू होंगी।

### प्रेमाबाग तालाब सौंदर्यीकरण के कार्यप्रगति का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर कार्य में लापरवाही पर सीएमओ को लगाई फटकार



जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं सीईओ जिला पंचायत कुणाल दुदावत बुधवार को प्रेमाबाग तालाब सौंदर्यीकरण के कार्यप्रगति का जायजा लेने पहुंचे। बैकुंठपुर शहर को एक नया रूप देने के विज़न के साथ कलेक्टर द्वारा बीते दिनों प्रेमाबाग तालाब के सौंदर्यीकरण किए जाने हेतु पाथ वे, वॉक वे, वॉल पेंटिंग, योगासन चित्र, चौपाटी निर्माण आदि के निर्देश दिए गए थे। कार्य प्रगति का अवलोकन करने पहुंचे कलेक्टर ने गुणवत्ताहीन पोल स्थापित किए जाने तथा काम में लापरवाही बरते जाने पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए सीएमओ बैकुण्ठपुर को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने सीएमओ बैकुंठपुर को निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित ठेकेदार तथा इंजीनियर पर कार्य विलम्ब करने पर आवश्यकतानुसार फाइन लगाएं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर शर्मा ने कहा कि समय सीमा में कार्य पूर्ण किए जाएं अन्यथा संबंधितों पर यथोचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने तालाब के किनारे पीचिंग एवं घास लगाने का कार्य जल्द पूर्ण किए जाने कहा तथा नियमित सफाई कर बारिश से पूर्व सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम बैकुंठपुर एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## यातायात पुलिस ने किया यातायात जागरूकता कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



छिंदगढ़ साप्ताहिक बाजार पुलिस अधीक्षक सुकमा सुनिल शर्मा, अति पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल के निर्देशानुसार एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात अमित देवांगन के मार्गदर्शन में बुधवार को थाना छिन्दगढ़ स्टाप व यातायात पुलिस सुकमा द्वारा जागरूकता अभियान के तहत साप्ताहिक बाजार छिन्दगढ़ में दुरदराज से आए हुए ग्रामीणों, वाहन चालकों का पाम्प्लेट वितरण कर लाउड हेलर के माध्यम से दोपहिया वाहन चालको को हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालको को सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने व तेज रफतार वाहन न चलाने, शराब सेवन कर वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाईल फ़ोन का उपयोग नहीं करने तथा वाहनो में ओवरलोडिंग नही करने, क्षमता से अधिक सवारी नहीं बैठाने, राष्ट्रीय, राजकिय राजमार्ग में अवैधानिक पार्किंग नहीं करने, वाहनों की बीमा की अनिवार्यता, वाहनों से संबंधित दस्तावेज, ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा, फिटनेस, पल्यूशन, साथ रख कर चलने, वाहनों के आगे पीछे नियमानुसार नंबर लिखा हुआ होना, आदि यातायात नियमों के बारे में समझाईश देकर जागरूक किया गया।

## मस्जिद में लगे लाउडस्पीकर को हटाने हिन्दू संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



मस्जिद में लगे लाउडस्पीकर को हटाने तथा सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के आधार पर निर्धारित डेसिबल तय करने के लिए हिंदू संगठनों के द्वारा कलेक्टर रायपुर को उपरोक्त संदर्भ में हिन्दू संघटन द्वारा ज्ञापन दिया गया था तथा 15 दिन के भीतर निराकरण की मांग की गई थी किंतु आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई जिससे क्षुब्ध हिन्दू संघटन ने विरोध मे कहा भारत लोकतंत्र देश है जिसमें सभी को धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त है। अपने पंथ का प्रचार लाउडस्पीकर के माध्यम से करते हुए अपने पंथ को महान बताते हुए दुसरों को जबरदस्ती सुनाने सुनने के लिए मजबूर करना दूसरों के मौलिक अधिकार का हनन की श्रेणी में आता है जिसे तत्काल कम या बंद करें। कोर्ट के आदेश ज्ञात हो की उक्त संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने लाउडस्पीकर की ध्वनि हेतु डेसिबल निर्धारित किए हैं। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में लाउडस्पीकर पर नियमानुसार प्रतिबंध लगाया जा चुका है समय-समय पर पीड़ित जन ध्वनि प्रदूषण तथा इससे होने वाले व्यवधान के विषय में आवाज उठाते आ रहे हैं। मुस्लिम देशों में भी लाउडस्पीकर अजान नहीं होता किंतु पंथी कट्टरता एवं हठधर्मिता के चलते हम सामान्य जनमानस को प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त से लेकर रात तक अजान की आवाज को लाउडस्पीकर के माध्यम से सुनने के लिए विवश होना पड़ रहा है। महोदय धर्म निरपेक्षता एवं संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के तहत सिर्फ एक पंथ के अलग नियम नहीं हो सकते उसी विषय में संविधान द्वारा प्रदत मौलिक अधिकारों के तहत हम सनातनीयों के द्वारा मंगलवार को शाम 7 बजे छत्तीसगढ़ के कई जिला केंद्र में लाउडस्पीकर के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया जा रहा है अपनी आस्था को किसी और के ऊपर थोपना या जबरदस्ती सुनाने का प्रयास करना अन्याय पूर्ण है आपसे प्रार्थना है ध्वनि प्रदूषण को ध्यान में रखकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को ध्यान में रखकर जनमानस के मौलिक अधिकारों को ध्यान में रखकर लाउडस्पीकर पर पूर्ण रूप से सुप्रीम कोर्ट के गाइड लाइन का पालन कड़ाई से करवाये जाय, मौजूद रहे। रिसभ गुप्ता रवि गौतूल,भुवनेस्वरी यादव चंद्रिका गुप्ता,पंकज सोलंकी,राजेन्द्र कुलदीप,सुजीत हल्दर,राजेश दास,रोहित मिश्रा व भगवा हिंदू क्रान्तिदल के समस्त कार्यकर्ता व विभिन्न हिन्दू संघटन के सदस्यगण व सुकमा के मंदिर प्रमुख उपस्थित रहे।

## घुमन्तु शराबियों के खिलाफ हाऊसिंग बोर्ड कालोनी के समिति ने थाने में की शिकायत

### शराबियों ने स्टेडियम को बनाया मधुशाला सामने रहते परिवार को हो रही परेशानी

जोहार छत्तीसढ़-देवभोग।

फ़ोकटपारा में स्थित देवभोग का मिनि स्टेडियम इन दिनों मद्यपान का अड्डा बन गया है रोज शराबी स्टेडियम में बैठ कर शराबी पी रहे है जबकि स्टेडियम के बगल में हाऊसिंग बोर्ड का कालोनी है जहाँ सरकारी कर्मचारीयों का परिवार रहता है। आये दिन शराबी नशे में शोर शराबा, गाली गलौच करते रहते है जिससे कालोनी में रहने वालो को परेशानी हो रही है।

### स्टेडियम में शराब के खाली बोतल से खिलाड़ियो को हो रही परेशानी

शाम के ठीक छह बजे से रात के 11बजे तक मिनी स्टेडियम मे शराबीयो का हुजुम लगा रहता है। बैठ कर देर रात तक शराब पीते है नशे में बोतल फ़ोड़ते है जिससे



स्टेडियम में खाली बोतल और बोतल के कांच का आलम देखा जा सकता है। इतना ही नहीं खेल के शौकीन खिल्लाड़ियों को भी खेलने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### कालोनी के समिति ने थाने में शिकायत कर कारवाई की मांग

हाऊसिंग बोर्ड कालोनी के समिति के अध्यक्ष सचिव और कोषाध्यक्ष सहित सदस्यों ने देवभोग थाने में एक लिखित शिकायत कर ऐसे घुमन्तु शराबीयों पर कारवाई की मांग की है जिस पर थाना प्रभारी ने ऐसे शराबीयों पर कारवाई का आश्वासन दिया है।

## हनुमान चालीसा भारत माता कि आरती, जय श्री राम के जयकारे से गूंज उठा तुमगांव नगर-पटेल

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



भारत की संत शक्ति के आशीर्वाद से लगातार पिछले वर्ष से नगर के अनेकों वार्डो व मोहल्लों में राम राज परिवार व नव युवक मानस मंडली के साथ एक टोली बनाकर अपने धर्म सभ्यता संस्कार संस्कृति सहेजने हेतु लगातार हर मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा व भारत मां की आरती का आयोजन किया जाता है इसी कड़ी में मंगलवार को वार्ड 7 के पुराना गौरा चौक में कार्यक्रम आयोजित किया था एजिसमे वार्ड के महिला पुरुष युवा साथी अधिक संख्या में उपस्तिथ हुए।राम मंदिर निर्माण अभियान से लगातार यह टोली अपने उद्देश्य को लेकर निकल पड़ा इनका उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, हिंदू धर्म की रक्षा करना, और समाज की सेवा करना है। सनातनियों ने अपने विचार उद्बोधन में कहा एक बरगद का पेड़ है यानी वृट वृक्ष है और इसका ध्येय वाक्य, धर्मो रक्षति रक्षित यानी जो धर्म की रक्षा करता है। धर्म उसकी रक्षा करता है। साथ ही युवाओं को महत्त्वपूर्ण सन्देश देते हुए संकल्प लिया कि बड़े हम नहीं संगठन बड़ा इस पवित्र भाव से हम सब संगठन का कार्य करे, यह उदगार नगर पंचायत के उपाध्यक्ष पप्पू पटेल ने कार्यक्रम के अवसर अपना विचार व्यक्त किएद्य कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता व श्रीराम चंद्रजी के पूजन के साथ हुआ और विराम हनुमान जी की भारत माता कि आरती के साथ हुआ। इस अवसर पर राज राज परिवार के सन्तोष पटेल,संतोष धीवर लष्मीनारायन पटेल,शेषनारायण पटेल ,डोमार पटेल,सच्चिदानंद,राकेश तिवारी,राकेस धीवर,हितेश धीवर,चैत राम ध्रुव,परउ राम साहू,मनोहर ,टिकेलाल,मुझनू पटेल,नोहर पटेल,दुर्गेश धीवर,हीराराम,तेजराम,बाबूलाल,विनोद,चुनेश,बिट्टू, अश्वनी ,भारत,चोवा,घनश्याम,शशि यादव,प्रमोद एवं महिला पुरुष युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## थाना तोंगपाल में दुष्कर्म के आरोपी को 24 घण्टे के अंदर किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



पुलिस अधीक्षक सुकमा सुनील शर्मा, अति.पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण,ओम चंदेल के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी तोंगपाल तोमेश वर्मा के पर्यवेक्षण में थाना तोंगपाल में मंगलवार को प्रार्थिया गांव वालों के साथ रिपोर्ट दर्ज करायी कि इसकी बेटी जिसकी उम्र 12 वर्ष की है के साथ आरोपी रिंकू साहू पिता बाबूलाल साहू उम्र 34 वर्ष जाति तेली निवासी मालदा थाना नांदगांव जिला बेमेतरा हाल नाकापारा तोंगपाल जिला सुकमा के द्वारा लगातार 5.6 माह से बलात्कार करने से 4 माह की गर्भवती हो गई हैक्षकि रिपोर्ट पर थाना तोंगपाल में अपराध क्रमांक 16/2022 धारा 376 ;क, ;ख,, 376 ;2 ;ढ, 506 भादवि, 4,5 ;ठ, ;ड, 6 पाक्सो एक्ट कायम कर आरोपी का पता तलाश कर 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय पटेल, निरीक्षक पद्मा जगत, उप निरीक्षक भीमसेन भारती, सउनि दुलेश्वर मानिकपुरी, गयानाथ पटेल, प्र.आर. महेन्द्र मण्डावी, फागुराम वटटी,आरक्षक अजय सिन्हा, विमला बघेल का विशेष सहयोग रहा।

## हर तरफ बिखरी खुशी राहुल को मिली नई जिंदगी

### सुरंग से बाहर आते ही राहुल ने खोली आंखे और देखी एक बार फिर दुनिया

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।

बोरवेल में फंसे राहुल को आखिरकार 105 घण्टे रेस्क्यू के पश्चात सकुशल बाहर निकाल लिया गया। ऑपरेशन राहुल हम होंगे कामयाब के साथ राहुल के बचाव के लिए लगभग 65 फीट नीचे गड्ढे में उतरी रेस्क्यू दल ने कड़ी मशक्कत के बाद राहुल को सुरक्षित बाहर निकाला। राहुल जैसे ही सुरंग से बाहर आया। उसने आंखे खोली और एक बार फिर दुनिया को देखा। यह क्षण सबके लिए खुशी का एक बड़ा पल था। पूरा इलाका राहुलमय हो गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बोरवेल में फंसे राहुल को सुरक्षित निकालने के लिए जिला प्रशासन को विशेष निर्देश दिए गए थे। आखिरकार देश के सबसे बड़े रेस्क्यू अभियान को कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला के नेतृत्व में अंजाम दिया गया। सुरंग बनाने के रास्ते में बार-बार मजबूत चट्टान आ जाने से 4 दिन तक चले इस अभियान को रेस्क्यू दल ने अंजाम देकर मासूम राहुल को एक नई जिंदगी दी है। इस रेस्क्यू के सफल होने से देशभर में एक खुशी का माहौल बन गया। राहुल को बाहर निकाले जाने के बाद मौके पर मौजूद चिकित्सा दल द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य जांच की गई। मुख्यमंत्री के निर्देश पर राहुल को तत्काल ही बेहतर उपचार के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाकर अपोलो अस्पताल बिलासपुर भेज गया। बहरहाल राहुल साहू के सकुशल बाहर निकाल लिए जाने से सभी ने राहत की सांस ली है।

जांजगीर चाम्पा जिले के अंतर्गत मालखरौदा ब्लॉक के ग्राम पिहरीद में 11 वर्षीय बालक राहुल साहू अपने घर के पास खुले हुए बोरवेल में गिरकर फंस गया था। 10 जून को दोपहर लगभग 2 बजे



* पिहरीद गांव हुआ राहुलमय

* मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लेते रहे पल-पल का अपडेट और कलेक्टर को देते रहे निर्देश

अचानक घटी इस घटना की खबर मिलते ही जिला प्रशासन की टीम कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला के नेतृत्व में तैनात हो गई। समय रहते ही ऑक्सीजन की व्यवस्था कर बच्चे तक पहुंचाई गई। कैमरा लगाकर बच्चे की गतिविधियों पर नजर रखने के साथ उनके परिजनों के माध्यम से बोरवेल में फंसे राहुल पर नजर रखने के साथ उनका मनोबल बढाया जा रहा था। उसे जूस, केला और अन्य खाद्य सामग्रियां भी दी जा रही थी। विशेष कैमरे से पल-पल की निगरानी रखने के साथ ऑक्सीजन की सप्लाई भी की जा रही थी। आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था और एम्बुलेंस भी तैनात किए गए थे। राज्य आपदा प्रबंधन टीम के अलावा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन, एनडीआरएफ की टीम ओडिशा के कटक और भिलाई से आकर रेस्क्यू में जुटी थी। सेना के कर्नल चिन्मय पारीक अपने टीम के साथ इस मिशन में जुटे थे। रेस्क्यू से बच्चे को सकुशल निकालने के लिए हर सम्भव कोशिश की गई। देश के सबसे बड़े रेस्क्यू के पहले दिन 10 जून की रात में ही राहुल को मैनुअल क्रेन के माध्यम से रस्सी से बाहर लाने की कोशिश की गई। राहुल द्वारा रस्सी को पकड़ने जैसी कोई प्रतिक्रिया नहीं दिए जाने के बाद परिजनों की सहमति और एनडीआरएफ के निर्णय के पश्चात तय किया गया कि बोरवेल के किनारे तक खुदाई कर रेस्क्यू किया जाए। रात लगभग 12 बजे से पुन: अलग-अलग मशीनों से खुदाई प्रारंभ की गई। लगभग 60 फीट की खुदाई किए जाने के पश्चात पहले रास्ता तैयार किया गया। एनडीआरएफ और सेना के साथ जिला प्रशासन की टीम ने ड्रीलिंग करके बोरवेल तक पहुचने सुरंग बनाया। सुरंग बनाने के दौरान कई बार मजबूत चट्टान आने से इस अभियान में बाधा आई। बिलासपुर से अधिक क्षमता वाली ड्रिलिंग मशीन मंगाए जाने के बाद बहुत ही एहतियात बरतते हुए काफी मशक्कत के साथ राहुल तक पहुंचा गया। सेना, एनडीआरएफ के जवानों द्वारा रेस्क्यू कर राहुल को बाहर निकाला गया। मौके पर ही चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण की गई और बेहतर उपचार के लिए उसे ग्रीन कॉरिडोर बनाकर अपोलो अस्पताल ले जाया गया। बहरहाल 104 से अधिक घण्टे तक चले इस रेस्क्यू ऑपरेशन में राहुल साहू के जीवित बाहर निकाल लिए जाने से सभी ने राहत की सांस ली। पिता लाला साहू, माता गीता साहू सहित परिजनों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कलेक्टर, जिला प्रशासन के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और एनडीआरएफ, सेना, एसडीआरएफ सहित सभी का विशेष धन्यवाद दिया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in